राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड

तृतीय तल, पीटीआई बिल्डिंग, 4, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)

1. एनएचआईडीसीएल को असम राज्य में नए राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन हेतु संभाव्यता अध्ययन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की तैयारी एवं निर्माण-पूर्व सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सलाहकार सेवाओं का कार्य सौंपा गया है ।

2. पात्र सलाहकारों से असम राज्य में निम्नलिखित पैकेजों के लिए नए राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन हेतु संभाव्यता अध्ययन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की तैयारी एवं निर्माण-पूर्व सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सलाहकार सेवाओं हेतु एतदद्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं -

(i) एनएचआईडीसीएल/डीपीआर/असम/01/2017
(ii) एनएचआईडीसीएल/डीपीआर/असम/02/2017
(iii) एनएचआईडीसीएल/डीपीआर/असम/03/2017

3. प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) सहित आमंत्रण-पत्र (एलओआई) एवं निर्देश-निबंधन (टीओआर) एनआईसी के ई-टेंडर पोर्टल यथा https://eprocure.gov.in.पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं। दस्तावेज एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट www.nhidcl.com से डाउनलोड भी किए जा सकते हैं । प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय, बोली दस्तावेज की लागत एक अप्रतिदेय दस्तावेज शुल्क के रूप में नई दिल्ली में देय ' राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड ' के पक्ष में बने रू. 5000/- (रूपये पांच हजार मात्र) के मांग-पत्र के माध्यम से एक अलग लिफाफे में अवश्य प्रस्तुत की जानी चाहिए ।

4. **प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) "इंफ्राकॉन" (www.infracon.nic.in) पर भी अपलोड किए गए हैं** । प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पहले सलाहकार को स.प.रा. मंत्रालय के पोर्टल "इंफ्राकॉन" पर स्वयं (फर्म एवं सभी मुख्य कार्मिक) को अनिवार्य रूप से पंजीकृत एवं सूची में प्रविष्टि कराना होगा तथा अपने प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) के साथ पंजीकरण के ब्योरे देने होंगे। बोलीकारों के संदर्भ के लिए इंफ्राकॉन के प्रचालन की प्रकिया इंफ्राकॉन पोर्टल पर उपलब्ध है तथा प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) के बाद के अनुच्छेदों में भी इसका विवरण दिया गया है ।

5. **इंफ्राकॉन पर पंजीकृत सभी बोलीकार इंफ्राकॉन पर एक समूह का गठन करेंगे जिन्हें एक विशिष्ट इंफ्राकॉन समूह पहचान (आईडी) प्रदान की जाएगी । प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय बोलीकार उस इंफ्राकॉन समूह पहचान (आईडी) को उद्धृत करेंगे ।**

6. बोली, ई-निविदा पोर्टल यथा https://eprocure.gov.in. पर यहां नीचे दी गई तालिका के अनुसार उस तारीख में या उससे पहले ऑनलाइन अवश्य प्रस्तुत कर दी जानी चाहिए ।

7. बोली प्रक्रिया की सारणी नीचे दी जा रही है :-

बोली दस्तावेज/निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तारीख	06/07/2017 (1100 बजे)
बोली दस्तावेज डाउनलोड/ प्रारंभ की तारीख	06/07/2017 (1100 बजे)
स्पष्टीकरण प्रारंभ की तारीख(बोली-पूर्व प्रश्न)	06/07/2017 (1400 बजे)
स्पष्टीकरण समाप्ति की तारीख (बोली-पूर्व प्रश्नों की प्राप्ति की अंतिम तारीख)	20/07/2017 (1100 बजे)

बोली-पूर्व बैठक	21/07/2017 (1100 बजे)
बोली प्रस्तुति के प्रारंभ की तारीख	01/08/2017 (1000 बजे)
बोली प्रस्तुति की अंतिम तारीख (ऑनलाइन एवं हार्ड कॉपी)	08/08/2017 (1500 बजे)
तकनीकी बोली खोले जाने की तारीख	09/08/2017 (1530 बजे)

8. एन.एच.आई.डी.सी.एल. के स्वतंत्र बाह्य अनुवीक्षक (आई ई एम) डॉ. सत्यनारायण दास, भारतीय प्रशासनिक सेवा (सेवानिवृत) हैं ।

आपका,

(संदीप कुमार)
महाप्रबंधक (तकनीकी-I)
राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड
पीटीआई बिल्डिंग, तृतीय तल 4, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
दूरभाष: 011-23461616
Email:gmt1nhidcl@gmail.com